अमर उजाला

11.10.2018

‘काशीयात्रा’ की तैयारी शुरू

आईआईटी बीएचयू में 18 से 20 जनवरी तक होगा सांस्कृतिक उत्सव

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव काशीयात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बुधवार को लिंबडी कार्नर के पास आयोजित कार्यक्रम में काशीयात्रा 2019 की थीम 'ए विवियस मोजेक' की लांचिंग की गई। 18 से 20 जनवरी तक होने वाले आयोजन इस बार आईआईटी के शताब्दी वर्ष में मनाया जाएगा, इसलिए इसको खास बनाने की तैयारी चल रही है।

काशीयात्रा में आईआईटी बीएचयू में तीन दिन चलने वाले इस कला, साहित्य, सांस्कृतिक उत्सव में अभिनय, नृत्य, रॉक बैंड, गायन, साहित्यिक स्पर्धा, क्विज, ललित कला आदि की प्रतियोगिताएं होती हैं। बुधवार को छात्र अधिष्ठाता प्रो. बीएन राय, सांस्कृतिक परिषद के काउंसलर प्रो. केके सिंह, संयोजक सनप्रीत नयन की मौजूदगी में काशीयात्रा के 37वें संस्करण की थीम लांच हुई।

काशीयात्रा 2019 की थीम 'ए विवियस मोजेक' की लांचिंग करते आईआईटीयंस।

संयोजक सनप्रीत ने बताया कि इस बार की थीम भारत की सांस्कृतिक पहचान में विविधता से प्रेरित है, जो 'ए विवियस मोजेक' थीम के पीछे के विचार को सही ढंग से व्यक्त करती है। इसमें 'विवासिअस' आजीविका को जबकि 'मोजेक' कला को विस्तार देने के लिए छोटे-छोटे टुकड़ों को जोड़ने का संदेश देता है। बताया कि काशीयात्रा एक सांस्कृतिक मोजेक है, जो विभिन संस्कृतियो के सम्मेलन से बना है। भारतीय कलाकारों के साथ ही विदेशी कलाकारों की प्रस्तुतियां भी देखने को मिलेंगी। इस दौरान अरुण सूरी, जयंत चौहान, शिवांश त्रिपाठी, हर्षित चौधरी आदि मौजूद रहे।